जवाहरलालनेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. बी.एस. द्विवेदी **क्रमांक–71**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी **दिनांक–21.06.2024**

प्रचीनकाल से हमारी सेहत का अहम सूत्र योग–कुलपति डॉ.पी.के.मिश्रा

जनेकृविवि में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन

जबलपुर 21 जून, 2024। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे की अध्यक्षता में 10वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन, आंचलिक खेल परिसर जवाहर कीड़ांगन में आयोजित किया गया। इस वृहद योग शिविर में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारीगण, छात्र–छात्राएं एवं कृषिनगर निवासियों ने योगाभ्यास किया गया। इसके साथ ही आयोजित 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन भी कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर मुख्यअतिथि की आसंदी से कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्राचीनकाल से हमारी सेहत का अहम सूत्र योग है, और यह हमारी दिनचर्या में समा चुका है। नियमित योग करने से शारीरिक, मानसिक शक्ति, चेतना जाग्रत होती है, योग से गंभीर बीमारियों से निजात एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया जा सकता है। आपने कहा कि भारत को विश्वगुरू बनाने में हमारी योग कला एवं विद्या का अमूल्य योगदान है, हमारे सभी छात्र एवं छात्राएं सकारात्मक रहें और नियमित रूप से आसान, प्राणायाम मुद्रा बंध और ध्यान करते हुए राष्ट्र के उन्नयन हेतु सतत् क्रियाशील रहे।

कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अमित कुमार शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने बताया कि योग प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न योग विधाओं पारंगत विषय विशेषज्ञों द्वारा 21 दिनों तक प्रशिक्षर्णियों को योग प्रशिक्षण प्रदान किया गया। योग प्रशिक्षक श्री नंदप्रकाश के सानिध्य में योगाभ्यास किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में एनसीसी के छात्र–छात्राओं सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, कार्यपालन यंत्री डॉ.ए.के. राय, कीट शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष, एस.बी.दास, पौध रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जयंत भट्ट, डॉ. आर.के. नेमा, कुलसचिव श्री रेवासिंह सिसोदिया, उपकुलसचिव डॉ. आर.के. समैया, सूचना एंव जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. बी.एस.द्विवेदी, डॉ. आर.एन.श्रीवास्तव, डॉ. संजय वैशम्पायन, डॉ. रजनी बिसेन, डॉ. योगेन्द्र सिंह, डॉ. आर.पी.साहू, डॉ. आर.के. मरावी, डॉ. पवन अमृते, डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. सोनम अग्रवाल, डॉ. अमित झा, डॉ. आशीष कुमार निगम एवं डॉ. धर्मेन्द्र सिंह नरवरिया के साथ–साथ प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारी, कृषिनगर निवासी एवं छात्र–छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।